हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 17 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

6 आन-बान-शान से लहराया तिरंगा, जिलेवासियों ने मनाया आजादी का जश्न





## खबर संक्षेप

### सिंचाई की समस्या लेकर रोज कलेक्टोरेट पहुंच रहे किसान

**जांजगीर-चांपा।** हसदेव बांगो नहर से 90 प्रतिशत सिंचित जांजगीर-चांपा जिले के किसान इन दोनों बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। खेतों तक नहर की धार नहीं पहुंचने से क्षुब्ध नवागढ़ क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी समस्याएं बताई। खास बात यह है कि पिछले कुछ दिनों से पानी की समस्या को लेकर किसानो के कलेक्ट्रेट पहुंचने का सिलसिला लगातार चल रहा है, और कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी सवाल उठने लगे है।

स्वतंत्रता दिवस के पहले दिन गुरुवार 14 अगस्त को नवागढ़ क्षेत्र के रिंगनी, कुकदा क्षेत्र के ग्रामीण ट्रैक्टर में भरकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने नहर में पानी नहीं पहुंचने की शिकायत करते हुए तत्काल सिंचाई की व्यवस्था कराने की मांग की, वही समय पर सिंचाई की व्यवस्था नहीं होने पर उन्होंने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। ग्रामीणों की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस बल कलेक्ट्रेट द्वार पर तैनात रहा। अफसरों ने ग्रामीणों की शिकायत सुनी और फिर उनके एक प्रतिनिधिमंडल को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन देने कहा गया। ग्रामीणों ने बताया कि नहरों की सफाई नहीं होने के कारण उनके क्षेत्र में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पिछले पखवाड़े भर से बारिश नहीं होने के कारण खेत सूखने लगे हैं। खेतों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई है और फसल मुरझाने लगी है। उनका कहना था कि नहर में पर्याप्त पानी चल रहा है, लेकिन पानी की धार उनके गांव तक नहीं पहुंच पा रही है। मॉनिटरिंग के अभाव में पूरा पानी ऊपरी क्षेत्रों में बह रहा है। यही स्थिति रही तो उनकी फसल चौपट हो जाएगी। ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के अफसर की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस बारे में मैदानी अमले से लेकर सिंचाई विभाग के जिला अधिकारी को भी मौखिक रूप से अवगत कराया गया है, लेकिन कोई पहल नहीं हो रही है।

### जवाहर विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**हसौद।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 11वीं कॉमर्स संकाय में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन भरे जा रहे हैं। अंतिम तिथि 20 अगस्त तक बढ़ाई गई है। प्रवेश प्रक्रिया के लिए वे विद्यार्थी पात्र होंगे जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में सी.बी.एस.ई. राज्य सरकार अथवा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 10वीं की परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक अर्जित किए हों एवं गणित विषय में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। साथ ही पात्र विद्यार्थियों की जन्मतिथि 1 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के मध्य होनी चाहिए। इच्छुक विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी स्वयं विद्यालय कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं।

### विद्यार्थियों को मोजा, बेल्ट और टाई का किया गया वितरण

**हरदीबाजार।** शासकीय प्राथमिक शाला शांतिनगर बोईदा में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष दुर्गेश मरावी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। साथ ही पालक-शिक्षक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने की रूपरेखा तैयार किया गया। मध्यान भोजन,नाश्ता, शाला संचालन, बच्चों की पढ़ाई का स्तर,न्यूनतम अधिगम अन्य कई विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक उपरांत उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को मोजा, टाई और बेल्ट वितरण किया गया। टाई, मोजा, बेल्ट पाकर बच्चे काफी उत्साहित हुए और एकरूपता की भावना जागृत हुआ। उपस्थित सदस्यों एवं प्रधान पाठक द्वारा बच्चों को नियमित स्कूल आने, घरों में गृह कार्य पूर्ण करने, अच्छे पढ़ लिखकर अच्छे नागरिक बनने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

### मथुरा-वृंदावन की तर्ज पर रायगढ़ में जनमाष्टमी की धूम

# हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की : कान्हा के रंग में रंगा रायगढ़, शहर में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर पूरा रायगढ़ कान्हा के रंग में रंग गया है। मथुरा-वृंदावन की तरह रायगढ़ में भी जनमाष्टमी की धूम मची हुई है। शहर में आयोजित ऐतिहासिक पांच दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल होने के लिए जिला ही नहीं ओडिशा सहित दीगर प्रांतों के लाखों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। जगह-जगह हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की जयकारे गुंजायमान हो रहे हैं। श्याम मंदिर और गौरीशंकर मंदिर की मनमोहक झाकियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

जिले में 14 से 18 अगस्त पांच दिनों तक जन्माष्टमी पर्व मनाया जा रहा है। यहां के जन्माष्टमी मेले में हर साल की तरह इस साल भी अलग-अलग राज्यों से लाखों लोग शामिल होने पहुंच रहे हैं। गौरीशंकर मंदिर के अलावा श्याम मंदिर की आकर्षक झांकियां लोगों को अपनी ओर खींच रही है। गौरीशंकर मंदिर ट्रस्ट के सदस्य ने जानकारी देते हुए बताया कि सन 1950 में गौरीशंकर मंदिर का निर्माण हुआ था और इसके दो साल बाद 1952 से रायगढ़ शहर में लगातार जन्माष्टमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस मेले को अब 73 साल पूरे हो चुके हैं। इसी तरह बीते 27 सालों से संजय कॉम्प्लेक्स श्याम बगीची में भी श्री श्याम मंडल द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पांच दिनों तक मंदिर परिसर में आकर्षक झाकियां सजा कर धूमधाम से यह पर्व मनाया जा रहा है। इस बार भी यहां 10 हजार वर्गफुट में वाटरप्रूफ पंडाल बना कर आकर्षक झाकियां लगाई गई हैं।



#### भगवान का किया गया अलौकिक श्रृंगार

शनिवार की अर्ध रात्रि को भगवान श्रीकृष्ण जी का अलौकिक श्रृंगार किया गया। भजन-कीर्तन व मधुर गीत के साथ 56 भोग व माखन मिश्री का भोग लगाकर फूलों की वर्षा से भगवान श्रीकृष्ण का स्वागत व धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया गया। इसके बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। पांच दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का समापन आगामी 18 अगस्त को विशिष्टगणों की उपस्थिति में किया जाएगा।

#### श्याम मंदिर की झाकियां बनी आकर्षण का केन्द्र

श्याम मंदिर में मनभावन स्वचालित झांकियां पंचमुखी गणेश जी, कृष्ण द्वारा माखन चोरी, अशोक वाटिका, वीर बर्बरीक द्वारा शीश दान, हनुमान जी का सूर्य भक्षण, गौरा-गौरी पूजा, गोवर्धन पर्वत धारण, दिव्य कुंभ स्नान, जुरासिक पार्क, राम दरबार, होलिका दहन, गंगा जी का अवतरण, श्रीकृष्ण द्वारा कंस वध, भगवान विष्णु जी की शेषशैय्या व विशेष आकर्षण आपरेशन सिंदूर की मनभावन झांकियां आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। इसी तरह मंदिर प्रांगण में लड्डू गोपाल झूला, राधा कृष्ण झूला, वृंदावन की मनमोहक बांके बिहारी जी की दर्शन झांकियां, फूल बंगला भी लोगों को आकर्षित कर रही हैं।

#### सीसीटीवी कैमरों से हो रही निगरानी

श्याम बगीची और श्याम मंदिर परिसर व क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से हाई सीसीटीवी कैमरे से अपडेट किया गया है। दर्शन-पूजन करने आए श्रद्धालुओं के लिए अलग से बैरिकेट्स की सुविधा की गई है। ताकि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। साथ ही असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखी जा रही है। इसके अलावा यहां सुरक्षा गार्ड दिन व रातभर तैनात हैं। पुलिस विभाग, ट्रैफिक विभाग के जवान भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

#### जगह-जगह भंडारे का किया जा रहा है आयोजन

शहर में पांच दिनों तक चलने वाले ऐतिहासिक जन्माष्टमी मेले के दौरान पड़ोसी राज्यों के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सामाजिक संठगनों द्वारा जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया है। ताकि यहां आने वाले लोगों को भगवान का प्रसाद मिल सके।

#### मीना बाजार में भी उमड़ रही लोगों की भीड़

मंदिर दर्शन करने आने वाले लोगों की भीड़ मीना बाजार में भी उमड़ रही है। इस बार सावित्री नगर में एक व ट्रांसपोर्टनगर मे दो मीना बाजार लगाया गया है। जोकि मेले की शोभा बढ़ा रही है। दूर दराज से आने वाले लोग मंदिर दर्शन के अलावा मीना बाजार का लुत्फ भी उठा रहे हैं।

## 65 पाव शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर नगर और जूटमिल पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई में 65 पाव देशी-विदेशी शराब के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

पहला मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कोलाईबहाल निवासी रिजवान कौसर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब संग्रहित कर ग्राहकों की तलाश कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने गांव में दबिश दी और आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ में उसने बिक्री के लिए अंग्रेजी शराब रखने की बात स्वीकार की और अपने पास से 35 पाव अंग्रेजी शराब को पुलिस के समक्ष पेश किया। पुलिस ने शराब को जप्त करते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। दूसरा मामला जूटमिल थाना क्षेत्र का है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बरदापुटी निवासी निरंजन बरेठ अवैध रूप से बिक्री के लिए भारी मात्रा में देशी शराब लेकर मोटरसाइकिल से छातामुड़ा की ओर जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने संदिग्ध को रोका। तलाशी में सामने रखे बैग से देशी मदिरा प्लेन शराब के 30 पाव मिला। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम निरंजन बरेठ पिता स्व रत्थुराम बरेठ निवासी बरदापुटी पुसौर बताया। पुलिस ने आरोपी के पास रखे शराब को जप्त कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



■ चक्रधर नगर और जूटमिल पुलिस की कार्रवाई

## सेवा नियमों को दरकिनार कर डॉक्टर का तबादला, नियमों की अनदेखी पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला अस्पताल रायगढ़ में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर डॉ पूजा अग्रवाल का स्थानांतरण आदेश इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। सवाल यह है कि जब किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की प्रोबेशन अवधि तीन साल होती है और इस दौरान तबादला प्रतिबंधित है तो फिर विभाग ने नियमों को दरकिनार कर इतना बड़ा कदम क्यों उठाया।

डॉ अग्रवाल की नियुक्ति 22 जुलाई 2022 को मेडिकल ऑफिसर पद पर की गई थी। नियुक्ति आदेश में साफ लिखा गया था कि वह तीन वर्ष तक प्रोबेशन अवधि में रहेंगी और इस दौरान उनका तबादला नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य सेवा नियमों में भी यह प्रावधान स्पष्ट है कि प्रोबेशन पर कार्यरत कर्मचारी को बिना विशेष परिस्थितियों के स्थानांतरित नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद विभाग द्वारा उनका तबादला कर दिया गया है। यह कदम नियमों के प्रतिकूल माना जा रहा है। विभागीय सूत्र मानते हैं कि यह आदेश जल्दबाजी और नियमों की अनदेखी में जारी किया गया है। स्वास्थ्यकर्मियों का कहना है कि यदि प्रोबेशन सुरक्षा जैसे प्रावधानों का पालन ही नहीं होगा तो फिर सेवा नियमों की सार्थकता ही समाप्त हो जाएगी।

**खास बात**

■ तीन साल की प्रोबेशन अवधि पूरी होने से पहले हुआ स्थानांतरण




#### पारदर्शिता पर उठे सवाल

इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक पारदर्शिता को लेकर बहस छेड़ दी है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि यदि नियुक्ति की शर्तों और नियमावली का पालन न हो तो इससे सरकारी सेवा व्यवस्था में अविश्वास बढ़ेगा। कई कर्मचारियों ने मांग उठाई है कि इस आदेश को तत्काल निरस्त कर विभाग को स्पष्ट करना चाहिए कि नियमों की अनदेखी क्यों की गई। गौरतलब है कि अब तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## बढ़ रही अपराधिक घटना पर अंकुश लगाने चार स्थानों पर पुलिस मितान बूथ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में 4 पुलिस मितान बूथ एवं अकलतरा में एसडीओपी कार्यालय का शुभारंभ गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया पुलिस मितान बूथ का उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करना और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। शहर में बढ़ रहे अपराधिक घटना पर लगाम लगाने एवं असामाजिक लोगों पर नजर रखने के उद्देय से जिले के चार स्थान पर पुलिस मितान केन्द्र खोला गया।

गुरुवार 14 अगस्त को पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने जांगीर-नैला रेलवे स्टेशन के समीप गायत्री मंदिर के पास, पुटपुरा चौक जांजगीर, लछनपुर चौक जांजगीर, तरौद चौक अकलतरा में शुभारंभ किया। वहीं पूर्व में एसडीओपी कार्यालय अकलतरा जो जांजगीर के पुलिस कंट्रोल रूम परिसर से संचालित हो रहा था वह अब अकलतरा से संचालित होगा। पुलिस द्वारा जिले में पुलिस मितान बनाया गया है जिसमें सड़क सुरक्षा मितान ग्राम रक्षा समिति के सदस्यगण शामिल है। यदि पुलिस मितान बूथ में लगे पुलिस जवान अन्य ड्यूटी में अचानक कहीं बाहर चले जाने के दौरान पुलिस मितान, रक्षा समिति सड़क सुरक्षा नितान के लोगो आवश्यकता पड़ने पर बैठाया जावेगा।



फीता काटकर पुलिस मितान बूथ का शुभारंभ करते एसपी व अन्य।

### सूने घरों में चोरी करने वाले गिरोह के पांच आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस ने साइबर टीम की मदद से सूने घरों में चोरी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। 200 सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर सात लाख रुपये का चोरी का सामान बरामद किया गया। जिले में पुलिस ने सूने घरों में ताले तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। साइबर टीम की सक्रियता से इस गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा करते हुए बताया कि जांजगीर, बलौदा और नैला क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से हो रही सिलसिलेवार चोरी की वारदातों ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बनी गठित टीम में सीएसपी कविता ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अकलतरा प्रदीप सोरी के मार्गदर्शन में आरोपियों की पतासाजी के लिए सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक और थाना प्रभारी जांजगीर निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय, थाना प्रभारी बलौदा निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी नैला उप निरीक्षक विनोद जाटवर का टीम तैयार हुई।



### माताओं ने की खमरछठ की पूजा

**बिलाईगढ़।** की माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र व उज्वल भविष्य की कामना करते हुए माता सगरी की पूजा विधि-विधान से सारा दिन उपवास रखकर करती हैं। यह पूजा हमारे शास्त्रों में भी वर्णनित किया गया है। शास्त्रों के अनुसार भगवान श्री कृष्णा के बड़े भाई बलराम हुए थे, जिनका शस्त्र हल है। जिस वजह से इस दिन हल से जोते हुए जमीन पर चलना, इस जमीन पर उपजे अन्न व सभी प्रकार की सब्जी का सेवन निषेध माना गया है। इस दिन भैस की दूध से बना पसहर चावल की खिचड़ी व छ प्रकार की भाजी की सब्जी का भोग लगाकर माताएं अपनी उपवास संप्पन करती हैं।

### रायगढ़ स्टेडियम में 4.55 करोड़ से तैयार होंगे सिंथेटिक रनिंग ट्रैक

# वित्तमंत्री ओपी ने स्टेडियम में 11.33 करोड़ के कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बोईरदादर स्टेडियम रायगढ़ में 11.33 करोड़ से तैयार होने वाली खेल सुविधाओं का भूमिपूजन किया। जिसमें 4.55 करोड़ की लागत से सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, 4.67 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले अंतर्राष्ट्रीय मानक के स्विमिंग पुल और 2.11 करोड़ की लागत से स्केटिंग रिंक का निर्माण शामिल है।

खेल खिलाड़ी जिंदाबाद का नारा देते हुए वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ की खेल प्रतिभाओं ने हमारा मान बढ़ाया है। हम लगातार उनके लिए सुविधाएं बढ़ाने का काम कर रहे हैं। रायगढ़ में धावकों के लिए अभ्यास और प्रतियोगिताओं के स्तर का रनिंग ट्रैक के साथ रोजाना सैर के लिए आने वाले लोगों के लिए भी अलग से ट्रैक बनाया जा रहा है। स्टेडियम का स्विमिंग पूल काफी पुराना हो चुका था, इसको देखते हुए अब यहां अतंर्राष्ट्रीय मानकों वाला स्विमिंग पुल बनाया जा रहा है। स्केटिंग रिंक भी तैयार किया जा रहा है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि हम लगातार जनसुविधाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। जितने भी प्रोजेक्ट्स यहां शुरू किए गए हैं वे सब अब मूर्त रूप ले रहे हैं। जो जल्द ही लोगों के लिए तैयार हो जाएंगे। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि खेल न सिर्फ खिलाड़ियों के लिए प्रतियोगी मंचों में अपनी प्रतिभा दिखाने का माध्यम है, अपितु एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली का ठोस आधार है। आज हमारी लाइफस्टाइल जिस प्रकार से बदली है वह सेहत के लिहाज से बिल्कुल भी सही नहीं है। हमारी पिछली पीढ़ियों की दिनचर्या को देखें तो उसमें परिश्रम और मेहनत की बड़ी भूमिका होती थी। उनकी खुराक अच्छी थी और वे लंबे समय तक निरोगी जीवन जीते थे, लेकिन आज का खानपान और जीवनशैली के चलते युवा कम उम्र में ही गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इसका प्रमुख कारण शारीरिक गतिविधियों का अभाव और सेहत के प्रति लापरवाह रवैय्या है। हमें खेलों को जीवन में अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए। यह सिर्फ युवाओं तक सीमित न रहे बल्कि बड़ी उम्र में भी खेलों से जुड़ा रहना मनोरंजन के साथ सुदृढ़ स्वास्थ्य सुनिश्चित करता है।



#### खिलाड़ियों से मुलाकात कर बढ़ाया हौसला

वित्त मंत्री ने स्टेडियम में भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान तीरंदाजी और फुटबॉल का अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों से भी मुलाकात की। उन्होंने खिलाड़ियों से उनके अभ्यास और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आपकी मेहनत और समर्पण खेल के क्षेत्र में न केवल आपको आगे बढ़ाएगी बल्कि व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध होगी।


YOUR STYLISH 2, 3 & 4 BHK BUNGALOWS
COMES WITH MORE THAN JUST KEYS
BOOK & SAVE
Exclusive Gift on Every Booking + 1 Lakh Cash* Discount
VISIT & WIN — Guaranteed Rewards for Every Guest
SWARNIMA ERA
2, 3 & 4 BHK INDEPENDENT BUNGALOWS
BILASPUR (C.G.)
Actual photograph
Actual photograph
Customised Homes & Plots Available in Bilaspur
*T&C Apply
Book your private walkthrough today.
CALL: 97557 93333 | 97552 93333
SITE ADDRESS: Swarnima Era, Beside Geetanjali City Phase 2, Bahtarai Road, Bilaspur(C.G.)
Rera no. PCGRERA250221001201
www.rera.cgstate.gov.in
Shrine +91 98337 11720


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अरविंद अजय
सचिव
ग्राम पंचायत अमलडीहा


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
बजरंग अग्रवाल
हरिभूमि प्रतिनिधि
धरमजयगढ़


स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अनुविभागीय अधिकारी
आरईएस
एवं समस्त स्टाफ गण घरघोड़ा


स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सत्या हास्पिटल एवं बीरा फार्मेसी
डॉ. महेन्द्र पटेल
ग्राम घोठला बड़े सारंगढ़


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
भारत माता इंटरनेशनल
स्कूल सालर
हरिराम पटेल
संचालक
हीरालाल पटेल
संचालक
घनश्याम पटेल
संचालक


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
भवर सिंह पोर्ते
कॉलेज घरघोड़ा
अरुण पण्डा
अध्यक्ष
डा.जगदीश तिर्की
प्राचार्य
एस.एल. साहू
उप प्राचार्य
एवं समस्त स्टॉफगण


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विकासखंड शिक्षा अधिकारी
धरमजयगढ़ रायगढ़ एवं समस्त स्टॉफगण


दूषित जल को हटाना है, डेंगू से सब को बचाना है।
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विकासखंड चिकित्सा अधिकारी
धरमजयगढ़ एवं समस्त स्टॉफगण


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
लोक यांत्रिकी विभाग धरमजयगढ़


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
लीनव राठिया
जनपद पंचायत अध्यक्ष, धरमजयगढ़
शिशुपाल गुप्ता
जनपद उपाध्यक्ष, धरमजयगढ़
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत धरमजयगढ़ एवं समस्त स्टाफगण


वन्य जीव
की रक्षा प्रकृति की
सुरक्षा
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
बनमंडला अधिकारी
धरमजयगढ़ समस्त स्टाफगण


HAPPY 79TH INDEPENDENCE DAY 2025
From the strength of flowing waters
we light up dreams,
drive progress & power
the spirit of an Atmanirbhar Bharat.
Bright Future ✦ Clean Energy ✦ Strong Nation
Malka Renewable Energy Pvt. Ltd. Dharamjaigarh


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती अगास गनपत महंत
उपसरपंच- ग्राम पंचायत तेलीकोट
रोहित पटेल सचिव
पंच एवं समस्त ग्रामवासी
जनपद पंचायत खरसिया
श्रीमती आरती मोनू यादव
सरपंच- ग्राम पंचायत तेलीकोट


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सन स्टील एण्ड पॉवर प्राइवेट लिमिटेड
छाल रोड घरघोड़ा (छ.ग.)


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
टी.आर.एन. एनर्जी लिमिटेड
भेंगारी नवापारा घरघोड़ा


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शासकीय उच्चतर माध्यमिक
विद्यालय विजयनगर
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफगण


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटाईपाली सी
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटाईपाली सी
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफगण


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आप सभी नगरवासियों को
रक्षा बंधन
स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अध्यक्ष
श्री दीपक विश्वकर्मा
मुख्य नगर पंचायत अधिकारी
नगर पंचायत बरमकेला


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मच्छरदानी का प्रयोग करें, डेंगू की बीमारी को दूर करें।
मच्छर घर की शोभा नहीं बढ़ाते हैं, ये सिर्फ़ बीमारी को फैलाते हैं।
मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी
एवं समस्त स्टाफगण रायगढ़

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अभिनव विद्यामंदिर पुसौर
एनसीसी, एनएसएस, स्काउट के साथ,
इंग्लिश एवं हिन्दी मिडियम से क्षेत्र का एक मात्र स्कूल
संचालक: अक्षय कुमार सतपथी,
अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय व संचालक मण्डल

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
लिटिल एंजिल
इंग्लिश मिडियम स्कुल तडोला, पुसौर
प्रतिवर्ष यहां के छात्र लिख रहे चमकीले इतिहास,
सर्वांगीण विकास हेतु तत्पर
संचालक: दुष्यंत कुमार प्रधान व शाला परिवार

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
एश्वर्या ज्वेलर्स व
विजय कंसारी बर्तन पुसौर
सोने चांदी के आभूषण
व कांस पीतल बर्तन के विक्रेता

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
साहू इलेक्ट्रानिक्स, पुसौर
फ्रीज कुलर पलंग सोफा
आदि का एक मात्र विश्वसनीय स्थान

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्यामलाल मेमोरियल महाविद्यालय पुसौर
बीए बीएससी/मेथ्स/बीसीए, डीसीए, पीजीडीसीए
उच्च व व्यवसायिक शिक्षा का एक मात्र
अशासकीय प्रतिष्ठान

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कुल पुसौर
श्रीमती ए.बी. केरकेटा — भरत शडंगी
प्राचार्य — अध्यक्ष

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री आर.के. पटेल
वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी
अन्य स्टाफ कृषि कार्यालय पुसौर

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हेप्पी किसानी पडिगांव
कृषि यंत्रों सहित
अन्य मशीन व औजारों के निर्माता

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री धनेश्वर चैहान
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत झारमुडा

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री मदन भोय
सरपंच
उप सरपंच अषोक डनसेना एवं
पंच गण ग्रा. पं. केनसरा

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती नंद कुमारी
सरपंच
सचिव, उप सरपंच व पंच गण
ग्राम पंचायत नंदेली

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती डोल कुमारी दिलीप माली
सरपंच
सचिव रूपेन्द्र साव एवं अन्य पदाधिकारी
ग्राम पंचायत कोतासुरा

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती निरवती गणेश सिदार
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत सुकुलभठली

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती सीमा साहू
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत नावापारा अ

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री मोतीलाल चैहान
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत मल्दा

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती मीता देहरी
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत बाघाडोला

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री सियाराम चैहान
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत कठानी

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री कृष्ण कुमार डनसेना
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत देवलसुरा

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती तपस्वीनी गुप्ता
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत बोंदा

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती कुन्ती शक्राजित भोय
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत टिनमिनी

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री गोविन्दराम गुप्ता
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत लारा

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री जैंजैराम सिदार
सरपंच
उप सरपंच राजीव गुप्ता एवं पंच गण
ग्राम पंचायत त्रिभोना

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री राजु सिदार
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत लोहाखान

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती मिनाक्षी टेकलाल नायक
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत सुर्री

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री लीलाधर चैधरी
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत तिलगी

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती नलिनी पाव
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत सराईपाली

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती रोहिणी मैत्री
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत बरपाली

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

जल संशाधन विभाग
रायगढ़

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती जिनिता उमेष जेना
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत परसापाली

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती भानुमती मिलन सिदार
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत छींच

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
डिलेश्वरी चैहान
सरपंच
सचिव उप सरपंच एवं पंच गण
ग्राम पंचायत घुघुआ

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सुनील कुमार अग्रवाल
एवं सुनील संघी
नवभारत इन्फ्राटेक

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
लोकेश हास्पीटल
मेडिसीन विभाग, स्त्रीरोग एवं प्रसुति विभाग,
बाल एवं शिशुरोग विभाग, जनरल सर्जरी विभाग,
चर्म एवं गुप्त रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग
सभी विभाग 24 घंटे आपातकालीन सेवा के लिये तत्पर।

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आरईएस विभाग,
जनपद कार्यालय पुसौर
सुश्री बिन्दु डनसेना — श्रीमती राधिका पटेल
प्रभारी एसडीओ — सब इन्जिनियर
श्रीमती राखी पटेल
सब इंजीनियर

स्वतंत्रता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती हेमलता हरिशंकर चैहान
अध्यक्ष
जनपद पंचायत पुसौर

